| |
|---|
| दिनांक 25.01.2026 |
| प्रेस विज्ञप्ति 56/2026 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

## एस0टीएफ0—जनपद रायबरेली से गैंगरेप, पोक्सो व एससी/एसटी एक्ट में वांछित रू0 50,000/— का पुरस्कार घोषित अभियुक्त जीतू उर्फ भैरम विश्वकर्मा एसटीएफ द्वारा गिरफ्तार।

दिनांकः 24—01—2026 को एस0टीएफ0 उत्तर प्रदेश को थाना भदोखर, जनपद रायबरेली से मु0अ0स0 30/2021 धारा 328/363/366/376डी/346/323 भादवि व 3(2)5 एससी/एसटी व 5/6 पोक्सो एक्ट में वांछित रू0 50,000/— का पुरस्कार घोषित अभियुक्त जीतू उर्फ भैरम विश्वकर्मा को जनपद रायबरेली से गिरफ्तार करने में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त हुई।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः—**

जीतू उर्फ भैरम विश्वकर्मा पुत्र नवल किशोर निवासी देवी नगर बैथेल मिसन के पास अतर्रा रोड, थाना नरैनी, जनपद बॉदा। उम्र करीब 28 वर्ष।

**गिरफ्तारी का स्थान दिनांक व समय—**

मुन्सीगंज ओवर ब्रिज के नीचे थाना क्षेत्र भदोखर, जनपद रायबरेली। दिनांक 24—01—2026 को समय करीब 23:40 बजे।

विगत काफी दिनों से उत्तर प्रदेश के जनपदों में वांछित पुरस्कार घोषित अपराधियों के सक्रिय होकर आपराधिक घटनाओं को अंजाम दिये जाने की सूचनायें प्राप्त हो रहीं थी। इस सम्बन्ध में एस0टी0एफ0 की विभिन्न टीमों/इकाईयों को अभिसूचना संकलन एवं कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया था। इसी क्रम में श्री दिनेश कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक, एस0टी0एफ0, लखनऊ के पर्यवेक्षण एवं निरीक्षक श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह के नेतृत्व में पुरस्कार घोषित फरार अपराधियो के सम्बन्ध में सूचना संकलन की कार्यवाही की जा रही थी।

अभिसूचना संकलन के क्रम में उ0नि0 श्री राहुल परमार के नेतृत्व में मुख्य आरक्षी पुष्पेन्द्र सोलंकी, मुख्य आरक्षी अरविन्द सिंह, मु0आ0 देवेश द्विवेदी, मुख्य आरक्षी मोहर सिंह मु0आ0 अशोक राजपूत, व चालक शिवकुमार की एक टीम जनपद रायबरेली में भ्रमणशील थी। इस दौरान सूचना मिली कि थाना भदोखर, जनपद रायबरेली से मु0अ0स0 30/2021 में वांछित रू0 50,000/— का पुरस्कार घोषित

अपराधी जीतू उर्फ भैरम पुत्र नवल किशोर अपने दोस्त व रिश्तेदारो से मिलने रायबरेली आ रहा है। इस सूचना पर एसटीएफ टीम द्वारा थाना क्षेत्र भदोखर रायबरेली पहुंच कर वांछित अभियुक्त उपरोक्त को गिरफ्तार कर लिया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त जीतू उर्फ भैरम उपरोक्त ने पूछताछ में बताया कि उसने अपने दोस्त हेमन्त से रूपये लेने के लिये उसको फोन लगाया था, जो दरियापुर रायबरेली में एक लडकी के नम्बर पर लग गया, तभी से लडकी से बात होने लगी। वर्ष 2019 में वह दरियापुर गया और लडकी को स्टेशन पर बुलाकर उसे बहला फुसला कर अपने साथ लेकर इलाहाबाद होते हुए नरैनी बॉदा ले गया। उस समय लडकी की उम्र करीब 15 वर्ष थी। कुछ समय तक यह लोग नरैनी बॉदा में रहे जहॉ इसके रिश्तेदार लाला विश्वकर्मा ने भी लड़की के साथ गलत कृत किया। लड़की के घर वालो ने इनके विरूद्ध थाना भदोखर, रायबरेली में मुकदमा लिखवा दिया था। मुकदमा लिखने के बाद से पुलिस व लडकी के घर वाले इनको खोजने लगे। पुलिस के डर से लडकी को नरैनी में इसने अपने रिश्तेदारो के यहॉ छोडकर गुजरात चला गया। गिरफ्तारी के डर से वर्ष 2021 से इधर–उधर छितपा छिपाता घूम रहा था।

गिरफ्तार अभियुक्त को थाना थाना भदोखर जनपद रायबरेली में पंजीकृत मु0अ0सं0 30/2021 में दाखिल किया गया है। अग्रिम वैधानिक कार्यवाही स्थानीय पुलिस द्वारा की जा रही है।

## <u>जनपद चित्रकूट/थाना बरगढ़</u>

- **10 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लूट का 01 मोबाइल फोन बरामद**

दिनांक 25.01.2026 को थाना बरगढ़ पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर पुरस्कार घोषित अभियुक्त सौरभ को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से लूट का 01 मोबाइल फोन बरामद हुआ।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है, जो थाना बरगढ़ पर पंजीकृत अभियोग में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 10 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना बरगढ़ पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—सौरभ निवासी ग्राम गोबरा संग्राम थाना शंकरगढ़ कमिश्नरेट प्रयागराज।

**बरामदगी**

1—लूट का 01 मोबाइल फोन।

**जनपद मऊ/थाना दक्षिण टोला**

- **चोरी की घटना का अनावरण**
- **02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लगभग 26 लाख रूपये कीमत की चोरी के 04 डायलसिस मशीन**
- **04 हजार रूपये नगद, 02 मोबाइल फोन**
- **घटना में प्रयुक्त 01 पिकप वाहन आदि बरामद**

दिनांक 25.01.2026 को थाना दक्षिण टोला पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर मतलूपुर फ्लाई ओवर से गाजीपुर की तरफ जाने वाली सर्विस रोड से 02 अभियुक्तों 1—अमरनाथ 2—राजकुमार को गिरफ्तार कर चोरी की घटना का अनावरण किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लगभग 26 लाख रूपये कीमत की चोरी के 04 डायलसिस मशीन, 04 हजार रूपये नगद, 02 मोबाइल फोन, घटना में प्रयुक्त 01 पिकप वाहन आदि बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 23.01.2026 को थाना दक्षिण टोला क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात चोरो द्वारा चोरी की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना दक्षिण टोला पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद मशीन आदि उक्त चोरी की घटना से सम्बन्धित है।

इस सम्बन्ध में थाना दक्षिण टोला पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—अमरनाथ निवासी विभवखण्ड थाना गोमतीनगर कमिश्नरेट लखनऊ, स्थाई पता ग्राम गाड़ी बाजार थाना कर्नलगंज जनपद गोण्डा।

2—राजकुमार निवासी कठौता वास्तुखण्ड थाना गोमतीनगर कमिश्नरेट लखनऊ।

**बरामदगी**

1—लगभग 26 लाख रूपये कीमत की चोरी के 04 डायलसिस मशीन।

2—04 हजार रूपये नगद, 02 मोबाइल फोन।

3—घटना में प्रयुक्त 01 पिकप वाहन आदि।

## जनपद कासगंज/थाना गंजडुंडवारा

- **03 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लगभग 03 लाख 50 हजार रूपये कीमत की चोरी के पीली धातु के आभूषण**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस बरामद**

दिनांक 25.01.2026 को थाना गंजडुंडवारा पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर गनेशपुर नहर पुल से ग्राम बहोरनपुर जाने वाले रास्ते से 03 अभियुक्तों 1—लोकेश व दो अभियुक्ता को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लगभग 03 लाख 50 हजार रूपये कीमत की चोरी के पीली धातु के आभूषण, 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 19.01.2026 को थाना गंजडुंडवारा क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात चोरो द्वारा चोरी की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना गंजडुंडवारा पर अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तों की गिरफ्तारी व माल बरामदगी के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से आभूषण आदि उक्त घटना से सम्बन्धित है।

इस सम्बन्ध में थाना गंजडुंडवारा पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—लोकेश निवासी ग्राम सरानी थाना अवागढ़ जनपद एटा, हालपता ग्राम पिलख्तर थाना फरिहा जनपद फिरोजाबाद।

2—दो अभियुक्ता।

**बरामदगी**

1—लगभग 03 लाख 50 हजार रूपये कीमत की चोरी के पीली धातु के आभूषण।

2—01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस।

——————